नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी जाएगी सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

### एकता दौड़, पोस्टर प्रतियोगिता, व्याख्यान का आयोजन

वर्धा, 25 अक्टूबर 2018: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी जाएगी। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में बुधवार, 31 अक्टूबर को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण से होगा। विवि के गांधी हिल्स पर सुबह 7.15 बजे एकता की शपथ ली जाएगी जिसमें शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मी तथा विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके पश्चात गांधी हिल्स से सावित्रीबाई फुले महिला छात्रवास होते हुए नज़ीर हाट तक एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12.30 से 1.30 बजे शिक्षा विद्यापीठ में राष्ट्रीय एकता पर पोस्टर प्रतियोगिता होगी। दोपहर 4 बजे ग़ालिब सभागार में 'वर्तमान भारतीय संदर्भ में सरदार पटेल के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर व्याख्यान होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। उक्त कार्यक्रमों का निर्देशन जनसंचार विभाग के अध्यक्ष तथा विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय करेंगे तथा संयोजन डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. शिव सिंह बघेल, राजेश लेहकपुरे, बी. एस. मिरगे एवं ऋषभ कुमार मिश्र करेंगे। कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है।

---

## सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती निमित्त

### एकता दौड, पोस्टर स्पर्धा, व्याख्यानाचे आयोजन

वर्धा, 25 ऑक्टोबर 2018: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात सरदार वल्लभभाई पटेल यांची जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस म्हणून साजरी करण्यात येणार आहे. या निमित्त विश्वविद्यालयात बुधवार, 31 ऑक्टोबर रोजी विविध कार्यक्रमांचे आयोजन करण्यात आले आहे.

कार्यक्रमाचा प्रारंभ राष्ट्रीय एकतेची शपथ घेवून करण्यात येईल. गांधी हिल्सवर सकाळी 7.15 वा. एकतेची शपथ घेण्यात येईल, यात शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक कर्मचारी आणि विद्यार्थी सहभागी होतील. यानंतर गांधी हिल्स ते सावित्रीबाई फुले महिला वसतिगृह मार्गे नजीर हाट पर्यंत एकता दौड आयोजित करण्यात येईल. दुपारी 12.30 ते 1.30  या वेळात अकादमिक भवनात राष्ट्रीय एकता या विषयावर पोस्टर स्पर्धा घेण्यात येईल तर दुपारी 4 वा. ग़ालिब सभागृहात  'वर्तमान भारतीय संदर्भात सरदार पटेल यांच्या विचारांची प्रासंगिकता' या विषयावर व्याख्यान होईल. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र राहतील. कार्यक्रमांचे निर्देशन विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय करतील तर संयोजन डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. शिव सिंह बघेल, राजेश लेहकपुरे, बी. एस. मिरगे व ऋषभ कुमार मिश्र करतील. आयोजनात सहभागी होण्याचे आवाहन विश्वविद्यालयाने केले आहे.

---

*मा. संपादक/संवाददाता*

*महोदय, कृपया संलग्न समाचार प्रकाशित कर अनुगृहीत करें।*

*धन्यवाद।*